# प्रतिदर्श प्रश्नपत्र– 2024

## कक्षा–10

## सामाजिक विज्ञान (Social Science)– (034)

समय : 3 घण्टे | पूर्णांक : 80
**Time : 3 hours** | **Maximum Marks : 80**

निर्देश–

(i) इस प्रश्न–पत्र में कुल 27 प्रश्न हैं। सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

(ii) प्रश्नों हेतु निर्धारित अंक उनके सम्मुख अंकित हैं।

(iii) प्रत्येक प्रश्न को ध्यानपूर्वक पढ़िये तथा समुचित उत्तर दीजिए।

(iv) प्रश्न संख्या 1 बहुविकल्पीय प्रश्न हैं। इस प्रश्न के प्रत्येक खण्ड के उत्तर में चार विकल्प दिये गये हैं। सही विकल्प अपनी उत्तर–पुस्तिका में लिखिये।

(v) प्रश्न संख्या 2 से 9 तक निश्चित उत्तरीय प्रश्न हैं।

(vi) प्रश्न संख्या 10 से 19 तक लघु उत्तरीय प्रश्न हैं, प्रत्येक का उत्तर लगभग 80 शब्दों में दीजिए।

(vii) प्रश्न संख्या 20 से 26 तक दीर्घ उत्तरीय प्रश्न हैं, प्रत्येक का उत्तर लगभग 120 शब्दों में दीजिए।

(viii) प्रश्न संख्या 27 मानचित्र से सम्बन्धित हैं। मानचित्र को अपनी उत्तर–पुस्तिका के भीतर संलग्न कीजिए।

(ix) इस प्रश्न–पत्र में समग्र पर कोई विकल्प नहीं है तथापि कतिपय प्रश्नों में आंतरिक विकल्प प्रदान किया गया है। ऐसे प्रश्नों में केवल एक विकल्प का ही उत्तर दीजिए।

---

प्र.1– (क) साइमन कमीशन भारत पहुँचा– 1

(i) सन् 1928 में (ii) सन् 1930 में
(iii) सन् 1931 में (iv) सन् 1934 में

(ख) इनमें से किस राज्य में काली मृदा पायी जाती है? 1

(i) जम्मू और कश्मीर (ii) राजस्थान
(iii) महाराष्ट्र (iv) पंजाब

(ग) आर्थिक विकास का कौन–सा मापक नहीं है– 1

(i) प्रति व्यक्ति आय (ii) वनों का विनाश
(iii) साक्षरता दर (iv) शिशु मृत्यु दर

(घ) वॉकी–टॉकी सम्बन्धित है– 1

(i) वायरलैस सेट से (ii) हेम रेडियो से
(iii) लैंडलाइन फोन से (iv) उपग्रह से



Downloaded from cclchapter.com

(ङ) विश्व में आर्थिक महामन्दी हुई थी– 1

(i) सन् 1930 में (ii) सन् 1935 में

(iii) सन् 1929 में (iv) सन् 1940 में

(च) भारत में पहली प्रिंटिंग प्रेस लायी गयी– 1

(i) 16वीं शताब्दी में (ii) 17वीं शताब्दी में

(iii) 18वीं शताब्दी में (iv) 19वीं शताब्दी में

(छ) निम्नलिखित खनिजों में से जीवाश्म ईंधन कौन–सा है? 1

(i) बेरियम (ii) कोयला

(iii) जिरकॉन (iv) यूरेनियम

(ज) भारत में संविधान द्वारा कितनी भाषाओं को मान्यता दी गयी है? 1

(i) 18 (ii) 14

(iii) 22 (iv) 25

प्र.2– यंग इटली की स्थापना कब और किसने की? 1

प्र.3– विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश (Democratic country) कौन है? 1

प्र.4– दो वैकल्पिक संचार के साधनों (Alternative means of communication) के नाम लिखिये। 1

प्र.5– 'सर्वधर्म समभाव्' से क्या अभिप्राय है? 1

प्र.6– श्वेत क्रान्ति (White revolution) से आप क्या समझते हैं? 1

प्र.7– भारत में उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम (Consumer Protection Act) कब पारित किया गया? 1

प्र.8– कृषि आधारित दो उद्योगों (Agriculture-based two industries) के नाम लिखिये। 1

प्र.9– मतदाता सूची (Voter list) से आप क्या समझते हैं? 1

प्र.10– औद्योगिक क्रान्ति (Industrial revolution) के तीन लाभ लिखिये। 3

प्र.11– भारतीय कृषि (Indian agriculture) की तीन विशेषताएँ बताइये। 3

प्र.12– मुद्रण संस्कृति (Printing culture) ने भारत में राष्ट्रवाद (Nationalism) के विकास में क्या योगदान दिया? 3

प्र.13– देश के आर्थिक विकास (Economic development) में रेल परिवहन की भूमिका स्पष्ट कीजिए। 3



Downloaded from cclchapter.com

प्र.14– भारत में लैंगिक असमानता (Gender inequality) को दूर करने के लिये क्या उपाय किये गये हैं? **3**

प्र.15– भू–स्खलन (Landslide) के लिए जिम्मेदार कारकों (responsible factors) का उल्लेख कीजिए। **3**

प्र.16– मनरेगा (MNREGA) 2005 के उद्देश्यों की व्याख्या कीजिए। **3**

प्र.17– दबाब समूह (pressure group) व राजनीतिक दल (political party) में अन्तर स्पष्ट कीजिए। **3**

प्र.18– प्राथमिक उपचार (first aid) से आप क्या समझते हैं? **3**

***अथवा***

सुरक्षित निर्माण (safe construction) कार्यों से आप क्या समझते हैं?

प्र.19– 'एगमार्क' (AGMARK) तथा आई.एस.आई. (I.S.I.) चिह्न कहाँ प्रयुक्त होते हैं? **3**

प्र.20– इटली के एकीकरण (Unification) का वर्णन कीजिए। **4**

प्र.21– लोकतंत्र (Democracy) का क्या अर्थ है? इसकी चार प्रमुख विशेषताएँ लिखिये। **4**

***अथवा***

उन तत्वों की विवेचना कीजिए, जो भारत की अनेकता में एकता (Unity in diversity) का प्रदर्शन करते हैं?

प्र.22– बहुद्देशीय नदी घाटी परियोजनाऐं (Multi-purpose river vally projects) क्या हैं? इनसे क्या लाभ (benefits) हैं? **4**

***अथवा***

उद्योग (Industries) पर्यावरण (environment) को कैसे प्रभावित करते हैं?

प्र.23– निम्नलिखित पर संक्षिप्त टिप्पणी (brief notes) कीजिए– **2+2=4**
(i) जलियाँवाला बाग हत्याकाण्ड (ii) साइमन कमीशन

प्र.24– वस्तु विनिमय (Bartering) से आप क्या समझते हैं? इसकी प्रमुख कठिनाईयों का वर्णन कीजिए। **4**

***अथवा***

मुद्रा आवश्यकताओं के दोहरे संयोग (double coincidence) की समस्या को किस तरह सुलझाती है? उदाहरण देकर समझाइए।

प्र.25– स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव (Free and fair election) पर टिप्पणी लिखिये। **4**



Downloaded from cclchapter.com

प्र.26– वैश्वीकरण (Globalization) का प्रभाव एक समान नहीं है, व्याख्या कीजिए। 4

***अथवा***

बहुराष्ट्रीय कम्पनियों (MNCs) से क्या आशय है? इनकी कार्य प्रणाली का वर्णन कीजिए।

प्र.27– (क) दिये गये भारत के राजनैतिक रेखा मानचित्र (map) पर उन दो राज्यों के नाम लिखिये, जहाँ निम्नलिखित घटनाएँ हुईं– 1+1=2

(i) जलियाँवाला बाग हत्याकाण्ड (ii) चम्पारन सत्याग्रह

(ख) दिये गये भारत के मानचित्र (map) में निम्नलिखित बिन्दुओं को अंकित संकेतों की सहायता से दर्शाइये तथा उन स्थानों के नाम भी लिखिये–

(i) कॉर्बेट नेशनल पार्क ▭ 1

(ii) मार्मागाओ समुद्री पत्तन (Sea-port) △ 1

(iii) मथुरा तेल शोधनशाला (Oil refinery) ⊠ 1

(iv) उत्तर–दक्षिण गलियारा (North-South Corridor) का उत्तरी छोर (point) ○ 1

**नोट– निम्नलिखित प्रश्न केवल दृष्टिहीन परीक्षार्थियों के लिये प्रश्न संख्या 27 के स्थान पर है।**

(क) उन राज्यों के नाम लिखिये, जहाँ निम्नलिखित घटनाएँ घटित हुईं– 1+1=2

(i) जलियाँवाला बाग हत्याकाण्ड (ii) चम्पारन सत्याग्रह

(ख) उन राज्यों के नाम लिखिये, जहाँ निम्नलिखित स्थित हैं–

(i) कॉर्बेट नेशनल पार्क ▭ 1

(ii) मार्मागाओ समुद्री पत्तन (Sea-port) △ 1

(iii) मथुरा तेल शोधनशाला (Oil refinery) ⊠ 1

(iv) उत्तर–दक्षिण गलियारा (North-South Corridor) का उत्तरी छोर (point) ○ 1

*****



Downloaded from cclchapter.com